1000209 - A1

विद्यार्थी उत्तर-पुस्तिका में मुख पृष्ठ पर कोड नं. अवश्य लिखें।

Class - X
कक्षा - X

HINDI
हिन्दी

(Course A)
(पाठ्यक्रम अ)

निर्धारित समय : **3** घंटे] [अधिकतम अंक : **80**

- कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में मुद्रित पृष्ठ **14** हैं।
- प्रश्न-पत्र में बाएँ हाथ की ओर दिए गए कोड नम्बर को छात्र उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर लिखें।
- कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में **16** प्रश्न हैं।
- कृपया प्रश्न का उत्तर लिखना शुरू करने से पहले, प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें।
- इस प्रश्न-पत्र को पढ़ने के लिए **15** मिनट का समय दिया गया है। इस अवधि के दौरान छात्र केवल प्रश्न-पत्र को पढ़ेंगे और वे उत्तर-पुस्तिका पर कोई उत्तर नहीं लिखेंगे।

निर्देश :

(i) इस प्रश्न-पत्र के **चार** खंड हैं — **क, ख, ग** और **घ**।

(ii) चारों खंडों के प्रश्नों के उत्तर देना **अनिवार्य** है।

(iii) यथासंभव प्रत्येक खंड के उत्तर क्रमशः दीजिए।

खंड 'क'

1. निम्नलिखित गद्यांश को पढकर ध्यानपूर्वक नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर छाँटकर लिखिए – **5**

हमारी सारी संस्कृति वनप्रधान है । ऋग्वेद, जो हमारी सनातन शक्ति का मूल है, वनदेवियों की अर्चना करता है । मनुस्मृति में वृक्षविच्छेदक को बड़ा पापी माना गया है । उसके लिए दंड का विधान किया है । मत्स्यपुराण में कहा गया है, जो आदमी वृक्षों को नष्ट करता है, उसे दंड दिया जाए । तालाबों, सड़कों या सीमा के पास वृक्षों को काटना बड़ा गुरुतर अपराध था । उसके लिए दंड भी बड़ा कड़ा रहता था । उसमें कहा गया है कि जो वृक्षारोपण करता है वह तीस हजार पितरों का उद्धार करता है । अग्निपुराण भी वृक्षारोपण पर जोर देता है । वृक्षों का आरोपण स्नेहपूर्वक और उनका परिपालन पुत्रवत करना चाहिए । पुत्र और तरु में भी भेद है, क्योंकि पुत्र को हम स्वार्थ के कारण जन्म देते हैं, परंतु तरुपुत्र को तो हम परमार्थ के लिए ही बनाते हैं । ऋषि – मुनियों की तरह हमें वृक्षों की पूजा करनी चाहिए, क्योंकि वृक्ष तो द्वेषवर्जित है । जो छेदन करते हैं, उन्हें भी वृक्ष छाया, पुष्प और फल देते हैं इसलिए जो विद्वान पुरुष हैं, उनको वृक्षों का आरोपण करना चाहिए और जल से सींचना चाहिए ।

हमारी संस्कृति में जो सुंदरतम और सर्वश्रेष्ठ है, उसका उद्‌भव सरस्वती के तट के वनों में हुआ । नैमिषारण्य के वन में शौनक मुनि ने हमको महाभारत की कथा सुनाई । महाभारत भारतीय आत्मशक्ति का स्रोत है । हमारे अनेक तपोवनों में ही ऋषि – मुनि वास करते थे, आजीवन अपने संस्कार, आत्मसंयम और भावनाओं को सुदृढ बनाते थे । हमारे जीवन का उल्लास वृंदावन के साथ लिपटा हुआ है ।

(1) हमारी सनातन शक्ति का मूल कौनसा वेद है ? **1**

(क) ऋग्वेद (ख) अथर्ववेद

(ग) यजुर्वेद (घ) सामवेद

(2) वृक्षविच्छेदक का क्या अर्थ है ? **1**

(क) वृक्ष लगाने वाला । (ख) वृक्ष काटने वाला ।

(ग) वृक्षों को सींचने वाला । (घ) वृक्षों की पूजा करने वाला ।

(3) वृक्षारोपण शब्द में कौनसा समास है ? **1**

(क) द्विगु समास (ख) द्वन्द्व समास

(ग) तत्पुरुष समास (घ) अव्ययीभाव समास

(4) भारतीय आत्मशक्ति का स्रोत क्या है ? **1**

(क) राम चरित मानस (ख) अग्नि पुराण

(ग) महाभारत (घ) मत्स्यपुराण

(5) इस गद्यांश के लिए उपयुक्त शीर्षक दीजिए – **1**

(क) भारतीय आत्मशक्ति (ख) वृक्षों कां महत्त्व

(ग) वेदों का ज्ञान (घ) संस्कृति

2. निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर से सही विकल्प चुनकर लिखिए – **5**

किसी ने ठीक ही कहा है कि समय धन के समान है । अत: सावधानी और सतर्कता से हम अपने धन का हिसाब तो रखें पर समय के हिसाब में थोडा ज्यादा ही सावधानी बरतें। कारण धन आता – जाता रहता है, किंतु गया समय फिर वापस नहीं आता । समय का बजट बनाना जिसने सीख लिया उसने जीने की कला सीख ली, सुख और समृद्धि के भंडार की कुंजी प्राप्त कर ली ।

समय – विभाजन के अनुसार काम करने पर हम देखेंगे कि हमारे जीवन की व्यस्तता के बीच भी कितनी निश्चिंतता आ जाती है । सभी काम सुचारु रुप से निश्चित समय पर अनायास होते चलते हैं । कसरत के लिए समय निकल आता है, आध्यात्मिक मनन – चिंतन के लिए भी और पठन – पाठन के लिए भी । यही नहीं, अपने व्यवसाय में भी हम पहले से कहीं अधिक कुशल, कहीं अधिक सक्षम बन जाते हैं । सारी उतावली, सारी परेशानी न जाने कहाँ काफूर हो जाती है ।

हम जीवन में क्या चाहते है ? सुख, समृद्धि, शांति, यही न । किंतु ये चीजें तभी मिल सकती है, जब इनको पाने का निरंतर प्रयास करते चलें । यदि हम व्यायाम के लिए, चिंतन के लिए, अध्ययन के लिए समय नहीं निकाल पाएँगे तो हमारा तन – मन कैसे स्वस्थ और सबल बन सकेगा ? अत: जीवन को सही अर्थों में सफल बनाने के लिए यह आवश्यक है कि हम इन सभी की साधना में रोज़ कुछ न कुछ समय लगाएँ और यह तभी संभव हो सकेगा जब हम अपने समय का ठीक विभाजन कर लें । वस्तुत: जो समय की कद्र करना सीख गया, वह सफलता का रहस्य समझ गया । हम अपने सुख, अपनी समृद्धि के लिए अपना समय – विभाजन जितना शीघ्र कर लें, उतना ही अच्छा होगा क्योंकि किसी मनीषी ने यह चेतावनी पहले ही दे रखी है कि 'समय और लहरें' किसी की प्रतीक्षा में खड़ी नही रहतीं ।

(1) सभी काम सुचारु रुप से निश्चित समय पर कब होते है ? **1**

(क) ध्यान लगाकर काम करने पर ।

(ख) समय – विभाजन के अनुसार काम करने पर ।

(ग) कसरत के लिए समय निकालने पर ।

(घ) आध्यात्मिक मनन – चिन्तन करने पर ।

(2) समय की कद्र करना सीखने से क्या समझ आता है ? **1**

(क) सावधानी और सतर्कता

(ख) सफलता का रहस्य

(ग) समय और लहरें

(घ) उतावलापन

(3) 'समय और लहरें' किसी की प्रतीक्षा में खडी क्यो नही रहती ? **1**

(क) समय और लहरें चलायमान होती है ।

(ख) समय चलता है और लहरें खडी रहती है ।

(ग) समय के साथ लहरें पानी पर नहीं चलती है ।

(घ) समय और लहरों का कोई साथ नहीं है ।

(4) 'पठन - पाठन' शब्द में कौन - सा समास है ? **1**

(क) द्वन्द्व समास (ख) द्विगु समास

(ग) बहुब्रीहि समास (घ) कर्मधारय समास

(5) इस गद्यांश को उपयुक्त शीर्षक दीजिए - **1**

(क) चिन्तन और अध्ययन (ख) समय की महत्ता

(ग) सावधानी (घ) समृद्धि का भंडार

3. निम्नलिखित काव्यांश को पढकर नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर के सही विकल्प छाँटकर लिखिए - **5**

एक दिन विष्णुजी के पास गए नारद जी
पूछा, ''मृत्युलोक में वह कौन है पुण्यश्लोक
भक्त तुम्हारा प्रधान ?'' विष्णु जी ने कहा,
''एक सज्जन किसान है प्राणों से प्रियतम ।''
''उसकी परीक्षा लूँगा,'' हँसे विष्णु सुनकर
यह कहा कि, ''ले सकते हो।''
नारदजी चल दिए
पहुँचे भक्त के यहाँ
देखा, हल जोत कर आया वह दोपहर को,
दरवाज़े पहुँचकर राम जी का नाम लिया,
स्नान - भोजन करके

फिर चला गया काम पर ।

शाम को आया दरवाज़े पर फिर नाम लिया,

प्रात:काल चलते समय

एक बार फिर उसने

मधुर नाम स्मरण किया ।

''बस केवल तीन बार।''

(1) नारद जी ने भगवान विष्णु से क्या पूछा ? **1**

(क) आपका प्रधान मित्र कौन है ।

(ख) आपका प्रधान भक्त कौन है ।

(ग) आपका प्रियतम किसान कौन है ।

(घ) आपका प्रियतम प्राणी कौन है ।

(2) स्नान - भोजन करके किसान कहाँ जाता था ? **1**

(क) पंचायत में (ख) बगीचे में

(ग) खेतों पर (घ) मंदिर में

(3) किसान भगवान का नाम स्मरण करता था ..... - **1**

(क) उपरी मन से (ख) सच्च हृदय से

(ग) नारद से श्रेष्ठ बनने के लिए (घ) अपने स्वार्थ के लिए

(4) नारद किसान के पास क्यों गए थे ? **1**

(क) खेतीबाडी का काम सीखने (ख) पूजा - पाठ की विधि सीखने

(ग) उसका मकान देखने (घ) उपरिलिखित में से कोई नहीं

(5) 'प्राणों से प्रियतम' पंक्ति में अलंकार है - **1**

(क) अनुप्रास (ख) रुपक

(ग) उत्प्रेक्षा (घ) यमक

4. निम्नलिखित पद्यांश को पढकर नीचे दिए प्रश्नों के सही विकल्प छाँटकर लिखिए - **5**

छुट्टी का घंटा बजते ही स्कूलों से

निकल - निकल आते हैं जीते - जगते बच्चे,

हँसते - गाते चल देते हैं पथ पर ऐसे

जैसे भास्वर भाव वही हों कविताओं के

बंद किताबों से बाहर छंदों से निकले
देश – काल में व्याप रही है जिनकी गरिमा ।
मै निहारता हूँ उनको, फिर – फिर अपने को,
और भूल जाता हूँ अपनी क्षीण आयु को ।

(1) स्कूल की छुट्टी होते ही बच्चों के चेहरों पर कैसा भाव आ जाता है ? **1**

(क) ताजगी और खिलखिलाहट भरा

(ख) गृहकार्य का तनाव

(ग) दोस्तों से मिलने की उमंग

(घ) अगले दिन आने की चिन्ता

(2) स्कूल की सीमा से बाहर निकले बच्चों की तुलना किससे की गई है ? **1**

(क) बंद किताब के पन्नो से

(ख) बंद किताबों से बाहर निकले 'छंदो' से

(ग) कविताओं की तुक और लय से

(घ) कवि की भावनाओं से

(3) कवि को अपना बचपन कब याद आ जाता है ? **1**

(क) चित्र वाली किताबें देखकर

(ख) अपने बचपन के सामान देखकर

(ग) स्कूल से निकले बच्चों को देखकर

(घ) अपनी कविताएँ पढकर

(4) 'जीते – जागते', 'हँसते – गाते', 'भास्वर – भाव' – शब्दों में निहित अलंकार है..... **1**

(क) श्लेष

(ख) अनुप्रास

(ग) उत्प्रेक्षा

(घ) यमक

(5) 'और भूल जाता हूँ अपनी क्षीण आयु को' – का आशय है – **1**

(क) कवि बच्चों को देखकर अपनी ढलती आयु भूल जाता है ।

(ख) कवि बच्चों को देखकर अपना खाना – पीना भूल जाता है ।

(ग) कवि बच्चों को देखकर अपने घर की राह भूल जाता है ।

(घ) कवि बच्चों को देखकर अपना विद्यालय भूल जाता है ।

खंड 'ख'

5. (क) निम्नलिखित वाक्यों मे से किस वाक्य में अकर्मक क्रिया प्रयुक्त हुई है ? सही विकल्प चुनकर लिखिए - 1

(i) पुलिस ने चोर को पकड लिया। (ii) बच्चे ने खिलौना तोड दिया।

(iii) उसे चाय पिलाओ। (iv) वे रातभर जागते रहे।

(ख) सावित्री पुस्तक पढ़ रही है। 1

उपर्युक्त वाक्य में रेखांकित क्रियाओं का भेद निम्नलिखित विकल्पों से सही विकल्प चुनकर लिखिए -

(i) अकर्मक क्रिया (ii) सकर्मक क्रिया

(iii) द्विकर्मक क्रिया (iv) अपूर्ण क्रिया

(ग) 'सोहन विदेश जा रहा था।' वाक्य में प्रयुक्त क्रिया का भेद निम्नलिखित विकल्पों से सही विकल्प चुनकर लिखिए - 1

(i) अकर्मक क्रिया (ii) एक कर्मक क्रिया

(iii) द्विकर्मक क्रिया (iv) सकर्मक क्रिया

(घ) निम्नलिखित विकल्पों से सकर्मक क्रिया का सही विकल्प चुनकर लिखिए - 1

(i) लड़ना (ii) लड़ाना

(iii) लड़ाई (iv) लड़ा

6. (क) निम्नलिखित वाक्यों में से एक कर्मक क्रिया प्रयुक्त होनेवाले वाक्य के सही विकल्प को चुनकर लिखिए - 1

(i) वाल्मीकि ने रामायण लिखी । (ii) माला ने मोहन को पुस्तक दी ।

(iii) बच्चा रोज रोता है । (iv) वह आगे बढता गया ।

(ख) 'अब इसे जाने दिया जा सकता है।' वाक्य में प्रयुक्त मुख्य क्रिया निम्नलिखित विकल्पों से चुनकर लिखिए- 1

(i) है (ii) जाना

(iii) देना (iv) सकना

(ग) 'कविता ने दुकानदार से चावल खरीदे।' वाक्य में प्रयुक्त क्रिया भेद निम्नलिखित विकल्पों से सही विकल्प चुनकर लिखिए – 1

(i) सकर्मक क्रिया (ii) अकर्मक क्रिया

(iii) एक कर्मक क्रिया (iv) द्विकर्मक क्रिया

(घ) निम्नलिखित वाक्यों में से किस वाक्य में मुख्य क्रिया प्रयुक्त नहीं हुई है? सही विकल्प चुनकर लिखिए – 1

(i) अब चला जाए । (ii) दादी ने कहानी सुनाई ।

(iii) सलोनी खाना खाती है । (iv) रवि सोच रहा है ।

7. (क) निम्नलिखित वाक्यों में से किस वाक्य में सहायक क्रिया प्रयुक्त हुई है ? सही विकल्प चुनकर लिखिए – 1

(i) दादाजी घूमेंगे । (ii) मैं पढ़ सकता हूँ ।

(iii) महक काम करेगी । (iv) शोभा सिलाई सीखेगी ।

(ख) रोगी दवाई पीकर सो गया था । वाक्य में रेखांकित क्रिया निम्नलिखित विकल्पों से सही विकल्प चुनकर लिखिए – 1

(i) मुख्य क्रिया (ii) संयुक्त क्रिया

(iii) सहायक क्रिया (iv) उपर्युक्त में से कोई नहीं ।

(ग) निम्नलिखित में से किस वाक्य में संयुक्त क्रिया प्रयुक्त नहीं हुई है ? सही विकल्प चुनकर लिखिए – 1

(i) वासु खेलना चाहता है । (ii) पानी बरसने लगा ।

(iii) हम खेल चुके है । (iv) दूधिया दूध लाया ।

(घ) 'कोई पत्र दे गया है।' इस वाक्य में रेखांकित क्रियाओं के भेद का सही विकल्प निम्नलिखित विकल्पों से चुनकर लिखिए – 1

(i) मुख्य क्रिया (ii) सहायक क्रिया

(iii) संयुक्त क्रिया (iv) तीनों में से कोई नहीं।

8. निम्नलिखित वाक्यों में प्रयुक्त विशेषणों के भेद दिए गए विकल्पों में से सही विकल्प चुनकर लिखिए –

(क) वे लोग आ रहे हैं । **1**

(i) गुण वाचक (ii) अनिश्चित परिमाण वाचक

(iii) निश्चित संख्या वाचक (iv) निश्चय वाचक सार्वनामिक विशेषण

(ख) महेश गुणवान बालक है। **1**

(i) संख्यावाचक विशेषण (ii) सार्वनामिक विशेषण

(iii) गुणवाचक विशेषण (iv) परिमाण वाचक विशेषण

(ग) 'राजा दशरथ के चार पुत्र थे।' **1**

(i) निश्चित परिमाण वाचक विशेषण (ii) निश्चित संख्या वाचक विशेषण

(iii) गुणवाचक विशेषण (iv) परिमाण वाचक विशेषण

(घ) मेरी लंबाई 160 से.मी. है। **1**

(i) निश्चित परिमाणवाचक विशेषण (ii) निश्चित संख्या वाचक विशेषण

(iii) गुणवाचक विशेषण (iv) सार्वनामिक विशेषण

9. निम्नलिखित वाक्यांशों में दिए गए रिक्त स्थानों को विकल्पों में दिए गए क्रिया विशेषणों से सही विकल्प चुनकर भरिए :

राजा प्रसेनजित कुशल शासक थे। उनका राज्य ___(क)___ तक फैला हुआ था। वे सैर पर ___(ख)___ जाया करते थे। उनकी प्रजा ___(ग)___ प्रसन्न रहती थी। उनका व्यक्तित्व ___(घ)___ प्रभावशाली था ।

(क) (i) पड़ोस (ii) दूर – दूर **1**

(iii) नदी (iv) सड़क

(ख) (i) राज्य (ii) रथ **1**

(iii) सोमवार (iv) प्रतिदिन

(ग) (i) उनसे (ii) मंत्रियों से **1**

(iii) नौकरों से (iv) सदैव

(घ) (i) अत्यंत (ii) जनता से **1**

(iii) रानी से (iv) दरबारियों से

खंड 'ग'

10. बार – बार सोचते, क्या होगा उस कौम का जो अपने देश की खातिर घर – गृहस्थी – जवानी – जिंदगी सब कुछ होम देनेवालों पर भी हंसती है और अपने लिए बिकने के मौके ढूंढती है । दुखी हो गए । पंद्रह दिन बाद फिर उसी कस्बे से गुजरे । कस्बे में घुसने से पहले ही खयाल आया कि कस्बे की हृदयस्थली में सुभाष की प्रतिमा अवश्य ही प्रतिष्ठापित होगी, लेकिन सुभाष की आंखों पर चश्मा नहीं होगा । क्योंकि मास्टर बनाना भूल गया । और कैप्टन मर गया । सोचा, आज वहां रुकेंगे नहीं, पान भी नहीं खाएंगे, मूर्ति की तरफ देखेंगे भी नहीं, सीधे निकल जाएंगे। ड्राइवर से कह दिया, चौराहे पर रुकना नहीं, आज बहुत काम है, पान आगे कहीं खा लेंगें ।

लेकिन आदत से मजबूर आंखें चौराहा आते ही मूर्ति की तरफ उठ गई । कुछ ऐसा देखा कि चीखे रोको! जीप स्पीड में थी, ड्राइवर ने जोर से ब्रेक मारे । रास्ता चलते लोग देखने लगे । जीप रुकते – न – रुकते हालदार साहब जीप से कूदकर तेज – तेज कदमों से मूर्ति की तरफ लपके और उसके ठीक सामने जाकर अटेंशन में खड़े हो गए ।

उपरिलिखित गद्यांश के आधार पर सही विकल्पों का चयन कीजिए –

(क) हालदार साहब बार – बार सोचते रहे कि क्या होगा उस कौम का जो..... **1**

(i) देशवासियों पर व्यंग्य करती है ।

(ii) लोगों से मूर्ति बनवाती है ।

(iii) देशभक्तों को चश्मे पहनाती है ।

(iv) देशभक्तों पर हँसती है ।

(ख) नेताजी की मूर्ति कहाँ लगी हुई थी ? **1**

(i) कस्बे के चौराहे पर । (ii) कस्बे के बडे मंदिर पर ।

(iii) कस्बे के नगरपालिका दफ्तर में । (iv) कस्बे के मोड पर ।

(ग) हालदार साहब फिर कब उसी कस्बे से गुजरे ? **1**

(i) कुछ दिनों बाद । (ii) एक महिने बाद

(iii) पन्द्रह दिन बाद । (iv) पाँच दिन बाद ।

(घ) मूर्ति के ठीक सामने जाकर अटेंशन में कौन खड़े हो गए ? **1**

(i) मास्टर मोतीलाल जी। (ii) कैप्टन साहब।

(iii) ड्राइवर साहब। (iv) हालदार साहब।

(ङ) 'आँखे भर आई' – मुहावरे का सही अर्थ है – **1**

(i) क्रोध आना। (ii) आँसू आना ।

(iii) आँखे लाल होना । (iv) चिड जाना ।

अथवा

निम्नलिखित गद्यांश के आधार पर सही विकल्पों का चयन कीजिए –

गाडी छूट रही थी । सेकंड क्लास के एक छोटे डिब्बे को खाली समझकर, जरा दौड़कर उसमें चढ गए । अनुमान के प्रतिकूल डिब्बा निर्जन नहीं था । एक बर्थ पर लखनऊ की नवाबी नस्ल के एक सफेदपोश सज्जन बहुत सुविधा से पालथी मारे बैठे थे । सामने दो ताजे – चिकने खीरे तौलिए पर रखे थे । डिब्बे में हमारे सहसा कूद जाने से सज्जन की आँखो में एकांत चिंतन में विघ्न का असंतोष दिखाई दिया । सोचा, हो सकता है, यह भी कहानी के लिए सूझ की चिंता में हों या खीरे – जैसी अपदार्थ वस्तु का शौक करते देखे जाने के संकोच में हो ।

नवाब साहब ने संगति के लिए उत्साह नहीं दिखाया । हमने भी उनके सामने की बर्थ पर बैठकर आत्मसम्मान में आँखें चुरा लीं ।

(क) सेकंड क्लास के एक छोटे डिब्बे को खाली समझकर कौन चढ गए ? **1**

(i) नवाब साहब (ii) लेखक

(iii) लेखक के रिश्तेदार (iv) रेल यात्री

(ख) डिब्बे के बारे में लेखक का क्या अनुमान था ? **1**

(i) छोटा – सा डिब्बा खाली होगा ।

(ii) वह डिब्बा निर्जन नहीं होगा ।

(iii) डिब्बा यात्रियों से खचाखच भरा होगा ।

(iv) डिब्बे में नवाबी नस्ल के सफेदपोश सज्जन होंगे ।

(ग) लेखक के अचानक डिब्बे में आ जाने पर उस सज्जन की कैसी प्रतिक्रिया थी ? **1**

(i) उसे बहुत अच्छा लगा ।

(ii) उसकी आँखो में असंतोष उभरा ।

(iii) उस पर कोई प्रभाव न पडा ।

(iv) उसकी आँखो में संतोष उभरा ।

(घ) 'आँखे चुराना' – मुहावरे का सही अर्थ है – **1**

(i) अनदेखा करना । (ii) कम बातें करना ।

(iii) मुस्कराकर रह जाना । (iv) आत्मसम्मान करना ।

(ङ) खीरे को अपदार्थ वस्तु क्यों कहा गया है ? क्यों की – **1**

(i) खीरा केवल नवाबों का खाद्य पदार्थ है।

(ii) खीरा केवल सलाद बनाने योग्य है।

(iii) खीरा आम आदमी का खाद्यपदार्थ है।

(iv) खीरा कड़वा होता है।

11. निम्न प्रश्नों के संक्षेप में उत्तर दीजिए – **2x5=10**

(क) खेती बाड़ी से जुडे गृहस्थ बालगोबिन भगत अपनी किन चारित्रिक विशेषताओं के कारण साधु कहलाते थे ? **2**

(ख) लेखक को नवाब साहब के किन हावभावों से महसूस हुआ कि वे उनसे बातचीत करने के लिए तनिक भी उत्सुक नहीं है ? **2**

(ग) सेनानी न होते हुए भी चश्मेवाले को लोग कैप्टन क्यों कहते थे ? **2**

(घ) बालगोबिन भगत की पुत्रवधू उन्हें अकेले क्यों नहीं छोडना चाहती थी ? **2**

(ङ) चौराहे पर मूर्ति लगाने का क्या उद्देश हो सकता है ? मूर्ति के प्रति लोगों का क्या कर्तव्य होना चाहिए ? **2**

12. निम्नलिखित काव्यांश को ध्यानपूर्वक पढिए एवं उस पर आधारित प्रश्नों के उत्तर दीजिए – **5**

हरि है राजनीति पढ़ि आए ।
समुझी बात कहत मधुकर के, समाचार सब पाए ।
इक अति चतुर हुते पहिलैं ही, अब गुरु ग्रंथ पढ़ाए ।
बढ़ी बुद्धि जानी जो उनकी, जोग – सँदेस पठाए ।
ऊधौ भले लोग आगे के, पर हित डोलत धाए ।
अब अपनै मन फेर पाइहैं, चलत जु हुते चुराए ।
ते क्यौं अनीति करैं आपुन, जे और अनीति छुडाए ।
राज धरम तौ यहै 'सूर', जो प्रजा न जाहिं सताए ।।

(1) गोपियाँ किस पर क्या व्यंग्य कर ही है ? **1**

(2) गोपियाँ अब फिर से क्या पा लेंगी ? **1**

(3) गोपियाँ राजधर्म की कौन – सी बात बताती है ? **1**

(4) अनुप्रास अलंकार का एक उदाहरण छाँटकर लिखिए । **1**

(5) उपरिलिखित काव्यांश में प्रयुक्त भाषा कौन – सी है ? **1**

अथवा

पाँयनि नूपुर मंजु बजैं, कटि किंकिनि कै धुनि की मधुराई ।

साँवरे अंग लसै पट पीत, हिये हुलसै बनमाल सुहाई ।

माथे किरीट बडे दृग चंचल, मंद हँसी मुखचंद जुन्हाई ।

जै जग - मंदिर - दीपक सुंदर, श्रीब्रजदूलह देव सहाई ।।

(1) श्रीकृष्ण ने कौन - कौन से आभूषण कहाँ पहन रखे है ? **1**

(2) कवि ने ब्रज दूल्हा किसे कहा है ? **1**

(3) सवैए में श्रीकृष्ण की वेशभूषा क्या है ? **1**

(4) 'मुखचंद,' 'जग-मंदिर' में कौनसा अलंकार निहित है ? **1**

(5) पद्यांश में प्रयुक्त भाषा कौनसी है ? **1**

13. निम्नप्रश्नों के संक्षेप में उत्तर दीजिए - **5**

(1) गोपियों ने किन - किन उदाहरणों के माध्यम से उद्धव को उलाहने दिए हैं ? प्रथम पद के आधार पर उत्तर दीजिए। **2**

(2) कवि ने श्री ब्रजदूलह किसके लिए प्रयुक्त किया है और उन्हें संसार रुपी मंदिर का दीपक क्यों कहा है ? **2**

(3) कवि बादल से फुहार, रिमझिम या बरसने के स्थान पर गरजने के लिए क्यों कहता है ? **1**

14. 'माता का आंचल' - पाठ के आधार पर बताइए कि लेखक माता की तुलना में पिता के साथ ज्यादातर समय किसतरह व्यतीत करते थे ? **5**

अथवा

रानी एलिजाबेथ द्वितीय के भारत आगमन से पूर्व अधिकारियों को क्या चिन्ता हुई ? देश की नाक बचाने के लिए कौनसी जी - तोड कोशिशें की गई ?

खंड 'घ'

15. भारत सरकार के मानव संसाधन मंत्रीजी को एक प्रार्थनापत्र लिखिए जिसमें हिन्दी को कक्षा दसवीं तक अनिवार्य रुप से पढ़ाने की प्रार्थना की गई हो । **5**

अथवा

स्वाइन फ्लू से पीडित मित्र को पत्र लिखकर उसे धैर्यपूर्वक दवाई लेने की सलाह दीजिए ।

16. नीचे दिए गए संकेत बिन्दुओं के आधारपर निबंध लिखिए – **5**

बेरोजगारी की समस्या –

बेरोजगारी का अर्थ –

बेरोजगारी बढ़ने के कारण –

लोगों के जीवन पर प्रभाव –

बेरोजगारी दूर करने के उपाय –

अथवा

मोबाईल फोन : लाभ और हानि

आधुनिक युग में मोबाईल की उपयोगिता –

मोबाईल की सुविधाएँ –

विभिन्न क्षेत्रों में मोबाईल फोन से लाभ –

मोबाईल फोन से हानियाँ –

निष्कर्ष ।

- o O o -